# मध्य प्रदेश ने 'बैग लेस स्कूल' पहल शुरू की

## चर्चा में क्यों?

मध्य प्रदेश सरकार ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 से **कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिये सप्ताह में एक बार 'बैग लेस स्कूल' दिवस** की घोषणा की है। यह निर्णय राज्य में संचालित सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर लागू होता है।

## मुख्य बिंदु:

- राज्य सरकार ने छात्रों पर बोझ कम करने के उद्देश्य से विभिन्न कक्षाओं के लिये स्कूल बैग के अधिकतम स्वीकार्य वज़न की रूपरेखा बताते हुए एक नोटिस जारी किया है।
- कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिये स्कूल बैग का वज़न स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा छात्रों की संबंधित स्ट्रीम के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
- इस पहल में प्रत्येक सप्ताह एक निर्दिष्ट 'बैग लेस स्कूल' दिवस शामिल है, जिसके दौरान छात्रों को खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगीत जैसी **मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।**
- इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि **स्कूल को छात्रों के लिये तनाव का स्रोत नहीं बल्कि आनंद का स्रोत माना** जाए।
    - स्कूलों को वर्ष 2024-25 में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से नई स्कूल बैग नीति का पालन करने के सख्त निर्देश जारी किये गए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-introduces-bag-less-school-initiative